फा सं. 2.2(15) / 2015-सा. II

संघ लोक सेवा आयोग

सामान्य- II

**विषय: संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण/ परीक्षाओं ( सी बी आर टी) तथा आशुलिपि परीक्षण के लिए खुली निविदा ।**

संघ लोक सेवा आयोग अगले तीन वर्ष के दौरान कार्य क्षेत्र के अनुबंध- I में यथा वर्णित भारत के 72 केन्द्रों / शहरों में से ऐसे केन्द्रों / शहरों 40,000 उम्मीदवारों ( इस अंक में वर्ष दर वर्ष में बढोतरी हो सकती है ) के लिए एक साथ एक दिन में बहुत से कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षणों/ परीक्षाओं का आयोजन करना चाहता है । कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण के अतिरिक्त सं. लो. से. आ. केवल दिल्ली केन्द्र पर लगभग 800 उम्मीदवारों के लिए कम्प्यूटर पर आशुलिपि परीक्षण का भी आयोजन करना चाहता है । यह नोट कर लें कि उम्मीदवारों की संख्याओं तथा शहरों / केन्द्रों की संख्या में समय- समय पर अंतर हो सकता है जो आयोग एवं विशेष सी बी आर टी / परीक्षा के आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की संख्याओं पर निर्भर करता है । तदनुसार इस दस्तावेज़ के क्रमश: अनुबंध-I एवं अनुबंध-II में पूर्ण रूप से यथा निर्दिष्ट कार्य क्षेत्र के अनुसार सी बी आर टी / परीक्षा तथा कम्प्यूटर पर अंग्रेजी तथा हिन्दी दोनों में आशुलिपि परीक्षा के आयोजन के लिए ऐसे भारतीय फर्मों से ऑन लाइन निविदा आमंत्रित करता है जिनका प्रमाणिक रिकॉर्ड है और वे संबंधित कार्य में अनुभव रखती है । मैन्युअल बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी ।

<u>**सामान्य निबंधन एवं शर्तें**</u>

**क्रिटिकल डेट शीट**

| | |
|---|---|
| सीपीपी पोर्टल पर प्रकाशित किए जाने की तारीख | 13.04.2017 |
| दस्तावेजों के डाउनलोड शुरू करने की तारीख | 14.04.2017 |
| दस्तावेजों को डाउनलोड करने की अंतिम तारीख | 04.05.2017 |
| बोली के प्रस्तुतीकरण के शुरू होने की तारीख | 14.04.2017 |
| ऑन लाइन निविदा को अपलोड करने की अंतिम तारीख | 04.05.2017 |
| तकनीकी बोली को खोलने की तारीख | 08.05.2017 |
| जमा धरोहर राशि (ई एम डी) | 40,00,000/- रूपए |

बोलियां केवल ऑन लाइन सीपीपी वेब साइट https: // eprocure.gov.in / eprocure/ app पर प्रस्तुत की जाएगी ।

निविदाकर्ता / संविदाकर्ता को सलाह दी जाती है कि केन्द्रीय लोक प्रापण पोर्टल पर https:// eprocure. gov.in / eprocure /app के माध्यम से ऑन लाइन बोलियों के ई प्रस्तुतीकरण के लिए निविदाकर्ता/ संविदाकर्ता को अनुदेश में दी गई अनुदेशों का अनुपालन करें।

बोली दस्तावेज को श्वेत एवं श्याम विकल्प सहित 100dpi के साथ स्कैन किया जा सकता है जो स्कैन किए गए दस्तावेज़ों के आकार को कम करने में मदद करता है ।

**1. बोली के प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया:-**

ऑन लाइन निविदा दो भागों में अर्थात् तकनीकी बोली और बोली मूल्य में ऑन लाइन प्रस्तुत की जाएगी । प्रस्तुत की जाने वाली बोली के सभी पृष्ठ, दस्तावेज़ों के विषय वस्तु की प्रकृति से असंबद्ध रहते हुए दस्तावेज़ों को अपलोड किए जाने से पहले बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षर तथा क्रमिक रूप से संख्या दी जानी चाहिए । टेलीग्राम / फैक्स / ई-मेल तथा अन्य तरीकों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा । इस मुद्दे पर कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

**(क)तकनीकी बोली:-**

निविदा दस्तावेज के अनुसार बोलीदाता द्वारा तकनीकी बोली के साथ निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने है :-

i. 40,00,000 /- रू. की जमा धरोहर राशि की हस्ताक्षरित तथा स्कैन्ड प्रति ।

ii. पैन कार्ड / सेवाकर पंजीकरण प्रमाण पत्र की हस्ताक्षरित तथा स्कैन्ड प्रति ।

iii. वर्ष 2013-14, 2014-15 तथा 2015-16 (खंड 6 द्वारा यथा अपेक्षित) की आयकर विवरणी की हस्ताक्षरित तथा स्कैन्ड प्रति ।

iv. वर्ष 2013-14, 2014-15 तथा 2015-16 ( खंड 6 द्वारा यथा अपेक्षित ) की लेखा परीक्षा की गई लाभ एवं हानि खाता तथा तुलन पत्रों की हस्ताक्षरित तथा स्कैन्ड प्रति ।

v. चार्टरित लेखाकार (सी ए) से प्राप्त प्रमाण पत्र जिसमें यह उल्लेख किया गया हो कि “विगत तीन वित्तीय वर्षों का औसत वार्षिक कारोबार केवल ऑन लाइन/ कम्प्यूटर

आधारित / ऑन लाइन भर्ती परीक्षा से संबंधित है और अन्य स्त्रोतो से प्राप्त आय इसमें शामिल नहीं है" (खंड 6 द्वारा यथा अपेक्षित) की स्कैन्ड प्रति ।

vi. कंपनी का निगमन प्रमाण पत्र (खंड 7 द्वारा यथा अपेक्षित ) की हस्ताक्षरित स्कैन्ड प्रति।

vii. विगत तीन वर्षों के दौरान बोलीदाता द्वारा आयोजित सी बी आर टी / परीक्षा का संपूर्णता प्रमाण पत्र की हस्ताक्षारित स्कैन्ड प्रति (खंड 8 द्वारा यथा अपेक्षित) ।

viii. आशुलिपि परीक्षण के आयोजन के दस्तावेजी साक्ष्य की हस्ताक्षरित स्कैन्ड प्रति (खंड 9 द्वारा यथा अपेक्षित) ।

ix. दस्तावेजी साक्ष्य की हस्ताक्षरित स्कैन्ड प्रति (खंड 10 द्वारा यथा अपेक्षित) ।

x. आई एस ओ 9001:2008 तथा आई एस एम एस 27001 (सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली मानक) / एस टी क्यू सी प्रमाण पत्र की हस्ताक्षरित स्कैन्ड प्रतियां (खंड 12 द्वारा यथा अपेक्षित ) ।

xi. कार्य क्षेत्र (अनुबंध-I एवं II) के सन्दर्भ में अनुपालन रिपोर्ट (अनुबंध–III में दिए गए) की हस्ताक्षरित स्कैन्ड प्रति ।

xii. प्रमाण पत्र (अनुबंध-IV में दिए गए ) जो प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित हो, की स्कैन्ड प्रति ।

xiii. इस दस्तावेज़ खंड 15 एवं 42 में यथा वर्णित प्रमाण पत्रों / दस्तावेज़ों की हस्ताक्षरित स्कैन्ड प्रतियां ।

xiv. जांच सूची (अनुबंध-IV ) के अनुसार सभी समर्थित दस्तावेज़ों की हस्ताक्षरित स्कैन्ड प्रति।

(ख) **बोली मूल्य :-**

बोली मूल्य की अनुसूची केवल पी डी एफ रूप में दिया गया है ।

(ग) 40,00,000/- (चालीस लाख रूपए मात्र) की जमा धरोहर राशि (ई एम डी) जो डिमांड ड्राफ्ट/ पे आर्डर / एफ डी आर / बैंकर्स चेक के रूप में सचिव, संघ लोक सेवा आयोग को देय हो, क्रिटिकल डेटशीट में यथा वर्णित बोली खुलने की तारीख तथा समय पर या इससे पहले संघ लोक सेवा आयोग में सुपुर्द करनी होगी, की मूल लिखत की हार्ड प्रति ।

2. **देर से प्राप्त होने वाली बोलियां:-**

देर से प्राप्त होने वाली बोलियां अर्थात् बोली प्राप्त करने के लिए निर्धारित तारीख तथा समय के बाद प्राप्त बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

3. बोली के खुलने की तारीख से बोली 180 दिनों के लिए वैध रहेगी ।

4. **<u>जमा धरोहर राशि:-</u>**

(i) 40,00,000/- ( चालीस लाख रूपए मात्र ) की जमा धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट / पे आर्डर / एफ डी आर / बैंकर्स चेक / बैंक गारन्टी के रूप में सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के नाम से दिल्ली में देय हो, जमा करनी होगी । जी एफ आर 2005 के नियम 157 में यथा प्रदत्त के अलावा जमा धरोहर राशि की प्रस्तुति से कोई छूट नहीं दी जाएगी । जमा धरोहर राशि के बिना और उपर्युक्त निर्धारित रूप के अलावा अन्य रूप में जमा धरोहर राशि की बोलियों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

(ii) अंतिम बोली वैधता अवधि से परे जमा धरोहर राशि पैतालीस दिन की अवधि के लिए वैध रहेगी ।

(iii) निविदा को अंतिम रूप प्रदान किए जाने के बाद असफल बोलीदाताओं को जमा धरोहर राशि लौटा दी जाएगी । किसी भी परिस्थिति में सं. लो. से. आ. द्वारा जमा धरोहर पर कोई ब्याज देय नहीं होगा ।

5. **<u>निष्पादन प्रतिभूति</u>**:-

(i) सफल बोलीदाता को प्रत्येक प्रथम द्वतीय एवं तृतीय वर्ष के लिए वार्षिक संविदा मूल्य का 10% की दर से निष्पादन प्रतिभूति प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा । प्रत्येक वर्ष के लिए निष्पादन प्रतिभूति प्रत्येक तीन वर्षों के शुरू होने में प्रस्तुत करना होगा । प्रथम तथा द्वतीय वर्ष के लिए निष्पादन प्रतिभूति की वैधता 15 माह की अवधि के लिए होगी । तृतीय वर्ष के लिए निष्पादन प्रतिभूति वारंटी बाध्यताएं, यदि कोई हो सहित संविदात्मक बाध्यताओं के पूर्ण होने के नब्बे दिनों तक वैध रहेगी । निष्पादन प्रतिभूति डिमांड ड्राफ्ट / पे आर्डर / बैंक गारंटी के रूप में सचिव,सं. लो. से. आ. के पक्ष में दिल्ली में देय हो, के रूप में होगी । प्रत्येक तीन वर्षों के लिए कार्य के संतोषजनक रूप से पूरा होने तक आयोग द्वारा निष्पादन प्रतिभूति को रखा जाएगा ।

(ii) यह स्पष्ट रूप से ज्ञात होना चाहिए कि सं. लो. से. आ. द्वारा निर्धारित समय सीमा तथा कार्य के क्षेत्र के अनुसार कार्य के पूर्ण न होने की स्थिति में निष्पादन प्रतिभूति जब्त की जा सकती है । यह निर्धारित क्षति / शास्ति यदि कोई हो, जैसाकि निबंधन एवं शर्तों में विनिर्दिष्ट रूप में लगाई जा सकती है, के अतिरिक्त होगा । निष्पादन प्रतिभूति की प्राप्ति पर सफल बोलीदाता को जमा धरोहर राशि वापस कर दी जाएगी । किसी भी परिस्थिति में सं. लो. से. आ. द्वारा निष्पादन प्रतिभूति पर कोई ब्याज नहीं देय होगा ।

**<u>पात्रता मानदंड:</u>**

6. बोलीदाता / मूल कंपनी विगत तीन वर्षों में घाटे में न हो । बोलीदाता का तीन वित्तीय वर्षो के दौरान औसत वार्षिक कारोबार कम से कम 10 करोड़ रूपए हो । यह कारोबार पूर्णत: ऑन लाइन/ कम्प्यूटर आधारित / ऑन लाइन भर्ती परीक्षा से संबंधित सेवाओं में होना चाहिए । कारोबार के समर्थन में (i) आयकर विवरणी (ii) लेखा परीक्षा की गई लाभ एवं हानि खाता और (iii) वर्ष 2015-16 सहित पूर्ववर्ती तीन वर्षों की तुलन पत्रों की प्रतियां प्रस्तुत करनी होगी । इसके अतिरिक्त बोलीदाता को चार्टरित लेखाकार (सी ए) से प्राप्त इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि “विगत तीन वित्तीय वर्षो का औसत वार्षिक कारोबार केवल ऑन लाइन/ कम्प्यूटर आधारित / ऑन लाइन भर्ती परीक्षण से संबंधित है और अन्य स्त्रोतो से प्राप्त आय इसमें शामिल नहीं है ।”

7. एजेन्सी को भारतीय विधि के अंतर्गत पंजीकृत कंपनी होना चाहिए और विगत 3 वर्षों से कम्प्यूटर आधारित परीक्षाओं के क्षेत्र में प्रचालन में है और सरकारी विभागों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / स्वायत्तशासी निकायों / लोक सेवा आयोगो को भर्ती सेवाएं मुहैया कराया है । तकनीकी बोली के साथ निगमन प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना है ।

8. एजेन्सी ने विगत तीन वर्षों में एक साथ 30,000 उम्मीदवारों के लिए कम से कम एक कम्पयूटर आधारित भर्ती परीक्षण / परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया है । सरकारी विभागों / सा. क्षे.के उपक्रमों / स्वायतशासी निकायों/ लोक सेवा आयोगों के लिए ऐसे सी बी आर टी / परीक्षा अनुबंध-I (क) में सूचीबद्ध 41 केन्द्रों में एक बार आयोजित की जानी है ।

उपर्युक्त सी बी आर टी / परीक्षा को आयोजित किए जाने के प्रमाण पत्र के रूप में सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त सम्पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

9. एजेन्सी ने हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में कम से कम 800 या इससे अधिक उम्मीदवारों के लिए कम्प्यूटर पर कम से कम एक बार आशुलिपि परीक्षण का आयोजन किया है बोलीदाता द्वारा इस संबंध में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा ।

10. एजेन्सी के पास सुरक्षित पर्यावरण में आयोग की अपेक्षाओं के अनुसार डेटाबेस प्रबंधन के लिए अपना / किराए का टीयर-3 या उससे ऊपर का डेटा केन्द्र होना चाहिए । निम्नलिखित अपेक्षाओं को पूरा करते हुए तकनीकी बोली में दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न किया जाए :-

(क) सूचना प्रौद्योगिकी उपकरणों को सर्व करने वाली मल्टीपल रीडन्डेन्ट कैपेसिटी कम्पोनेन्ट होनी चाहिए ।

(ख) 99.98% की अपेक्षित उपलब्धता सहित एक साथ अनुरक्षण की जाने वाली साइट की आधारभूत संरचना ।

11. एजेन्सी के पास अनुबंध-I क में यथा सूचीरबद्ध 41 शहरों में फैले कम से कम 30,000 उम्मीदवारों के लिए एक बार में प्रत्येक परीक्षण केन्द्र पर बैक अप सर्वर द्वारा मॉडल आधारित इंटरनेट का प्रयोग करते हुए भर्ती परीक्षा आयोजित करने में प्रामाणिक विशेषज्ञता होनी चाहिए । खंड-8 में यथावर्णित प्रमाण पत्र उक्त के साक्ष्य के रूप में प्रर्याप्त होगा ।

12. कंपनी के पास आई एस ओ 9001 : 2008 तथा आई एस एम एस 27001 (सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली मानक)/ एस टी क्यू सी प्रमाणपत्र होना चाहिए। तकनीकी बोली के साथ दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किया जाए ।

**<u>अन्य निबंधन एवं शर्तें:-</u>**

13. एजेंसी के पास प्रश्न पत्र तैयसार करने, कम्प्यूटर आधारित परीक्षा, उम्मीदवारों का बायोमैट्रिक संचालन आदि से संबंधित सभी साफ्टवेयर अवश्य होने चाहिए या एजेंसी के पास तीसरा पक्ष सुरक्षा अनुपालन सहित लाईसेंस कापी जो कम से कम विगत तीन वर्षों से प्रयोग में है, होनी चाहिए । एजेंसी को कार्य के क्षेत्र ( अनुबंध-I एवं II) के संदर्भ में सं. लो. से. आ. की

अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सभी साफ्टवेयर के किसी भी मॉडयूल में परिवर्तन करने में सक्षम होना चाहिए ।

14. आयोग द्वारा अंतिम रूप से प्रदान की गई तारीख के अनुसार एजेंसी भर्ती परीक्षण (आर टी) / परीक्षा आयोजित करेगा । एजेंसी को यह सुनिश्चित करना होगा कि परीक्षा/ आर टी / आशुलिपि परीक्षण के आयोजन के लिए किराए पर लिए गए स्थल दो दिनों के लिए अर्थात व्यवस्था वाले दिन के लिए तथा परीक्षा के आयोजन वाले दिन के लिए होनी चाहिए । तथापि, व्यवस्था वाले दिन एजेंसी को 8.00 बजे प्रात: से 6.00 बजे तक आयोग की अपेक्षाओं के अनुसार मॉक टेस्ट आयोजित करने के लिए तीन घंटे की स्लाट की व्यवस्था करनी होगा । आयोग द्वारा भर्ती परीक्षण / परीक्षा के आयोजन का निर्णय लिए जाने के बाद एजेंसी को परीक्षा आयोजित करने के लिए आगे दो माह का समय दिया जाएगा ।

15. बोलीदाता को तकनीकी बोली के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्र / दस्तावेज प्रस्तुत करने चाहिए :-

(i) सरकारी विभागों / प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान / लोक सेवा आयोग की सूची जहां फर्म ने इस प्रकार का कार्य किया है या कर रही है । ऐसे सरकारी विभागों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / स्वायत्तशासी निकायों / लोक सेवा आयोगों के कार्य आदेश की प्रतियों की भी आपूर्ति की जाए।

(ii) बोलीदाता द्वारा दोनो सी बी आर टी / आशुलिपि परीक्षण के लिए विचार किए जाने वाले प्रत्येक अस्थायी स्थल पर आधारभूत संरचना के विवरण सहित कार्य क्षेत्र (अनुबंध-I एवं II) के सन्दर्भ में बोलीदाता द्वारा किए गए समझौते के अनुसार सुपुर्द किए जाने वाली मदों के संबंध में विवरण ।

(iii) (क) निविदा के सभी निबंधन एवं शर्तों की स्वीकृति (ख) आय एवं धन को छिपाने के लिए शास्ति अधिरोपित नहीं करने (ग) कार्यक्षेत्र सहित बोली की समझ एवं सख्त अनुपालन तथा (घ) अनुबंध-IV के अनुसार अनुभाग अधिकारी / आशुलिपिक (ग्रेड-ख/ ग्रेड-I) परीक्षा आयोजित करने के लिए उत्सुकता के संबंध में प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र ।

(iv) पैन कार्ड तथा सेवाकर पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति ।

(v) इस निविदा आमंत्रण सूचना के पैरा 6,7,8,9,10,11,12 तथा 42 में यथा वर्णित प्रमाणपत्र।

16. एजेंसी के पास परीक्षण इंजन के साफ्टवेयर स्त्रोत कोड का पूर्ण अधिकार होगा । वे आयोग की अपेक्षानुसार साफ्टवेयर में परिवर्तन करने में सक्षम होंगे । साफ्वेयर के पाठ में यदि कोई परिवर्तन हो तो उक्त के संबंध में आयोग को सूचित करना होगा या आयोग द्वारा यदि कोई परिवर्तन अपेक्षित हे तो आयोग द्वारा केवल अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात ही उक्त को अपग्रेड/ लागू किया जाना चाहिए । केवल आयोग का अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात ही अगले भर्ती परीक्षण / परीक्षा से अपग्रेड पाठ प्रयोग में लाया जाएगा।

17. परीक्षा के दौरान माऊस को क्लिक करते ही उम्मीदवारों को 'उम्मीदवारों को अनुदेश' उपलब्ध कराया जाना चाहिए ।

18. एजेंसी, इस प्रयोजन के लिए निर्धारित आवंटित समय के भीतर परीक्षण / परीक्षा के स्थल पर रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों के बायोमैट्रिक फिंगरप्रिंट तथा फोटोग्राफ को सफलतापूर्वक कैप्चर करने के प्रति उत्तरदायी हागी । कैप्चर की गई बायोमैट्रिक जानकारी को आयोग के साथ साझा करना होगा तथा आयोग कार्यालय में साक्षात्कार के समय एजेन्सी द्वारा इसे सत्यपित भी किया जाएगा ।

19. परीक्षा अवधि के दौरान फोटो एवं हस्ताक्षर इमेज को टर्मिनल पर प्रत्येक उम्मीदवार के स्क्रीन पर प्रदर्शित की जाएगी ।

20. सं. लो. से. आ. की अपेक्षाओं के अनुसार एजेंसी द्वारा स्क्रीन पर द्विभाषी प्रदर्शन सहित प्रश्न पत्र मुहैया कराई जाएगी ।

21. एजेंसी अपने डेटा केन्द्र में सुरक्षित तथा इन्क्रिपटेड तरीकों में पूर्ण प्रत्युत्तर डेटा तथा उपस्थिति सूची के मिलान के प्रति उत्तरदायी होगी जिसे आयोग कार्यालय की अपेक्षाओं / फार्मेट के अनुसार परीक्षा / परीक्षण की समाप्ति के तत्काल बाद आयोग के साथ साझा किया जाएगा ।

22. परीक्षा के दौरान होने वाले कदाचार/ धोखाधड़ी को रोकने के लिए एजेंसी द्वारा प्रस्तावित प्रणाली ( उद्धृत दरों के अंदर) में कार्यविधि / विशेषताओं का उल्लेख करना होगा । इनका तकनीकी बोली में विस्तार से उल्लेख किया जाए ।

23. प्रत्येक परीक्षा की समाप्ति के बाद ई-मेल के माध्यम से प्रत्येक परीक्षा की संक्षिप्त रिपोर्ट जब भी आवश्यक हो संघ लोक सेवा आयोग की सलाह के अनुसार निर्धारित प्रपत्र में उम्मीदवारों को उपलब्ध करानी होगी ।

24. बोलीदाता को यह उल्लेख करते हुए एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि निविदा की सभी निबंधन एवं शर्तें उन्हें स्वीकार्य है ( अनुबंध- IV) । बोलीदाता को कार्य क्षेत्र (अनुबंध-III) के संबंध में खंड दर खंड अनुपालन रिपोर्ट भी प्रस्तुत करना होगा । विचलन की स्थिति में, विचलन का विवरण तथा तकनीकी विनिर्दिष्टताओं तथा व्यावसायिक शर्तों के प्रावधानों के अपवाद को भी बोलीदाता द्वारा प्रदान किया जाएगा । तथापि, संघ लोक सेवा आयोग बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और ऐसी विचलन सहित बोली को अस्वीकार करने के संबंध में कोई कारण देने के लिए बाध्य नहीं है ।

25. काल्पनिक तथा सशर्त बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

26. अच्छी कार्य दशा में उपकरण की व्यवस्था के लिए फर्म जिम्मेदार होगी और फर्म को परस्पर सहमति के आधार पर परीक्षण / परीक्षा के दिन के लिए पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित कार्मिकों को तैनात करना होगा ।

27. बोली से उत्पन्न सभी विधिक विवाद यदि काई हो, केवल दिल्ली के न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के अध्यधीन होंगे ।

28. दरें "प्रति उम्मीदवार जिन्हें प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा" के आधार पर उद्धृत की जाएंगी और अनुबंध- V के अनुसार नि.आ.सू. में निर्दिष्ट दिल्ली केन्द्र तथा अन्य केन्द्रों पर प्रणाली की ढुलाई एवं अधिष्ठापन से संबंधित सभी प्रभार शामिल होंगे ।

29. यदि परीक्षण / परीक्षा एक से ज्यादा सत्र में आयोजित की जाती है तो भुगतान उम्मीदवारों को जारी प्रवेश पत्र गुणा सत्र की संख्या के आधार पर किया जाएगा ।

30. (i) कैलेन्डर वर्ष 2016 में कम्प्यूटर आधारित तरीकों से आयोग द्वारा आयोजित की गई प्रत्येक भर्ती परीक्षण / परीक्षाओं के संबंध में जारी प्रवेश पत्रों की वास्तविक संख्या निम्नानुसार है :-

| क्रम सं. | भर्ती परीक्षण / परीक्षा का नाम | भर्ती परीक्षण / परीक्षा की तारीख | जारी की गई प्रवेश पत्रों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | सहायक निदेशक ( लागत) | 19.03.2016 (पूर्वाह्न) | 2,497 |
| 2. | चिकित्सा अधिकारी (होम्यो), आयुष | 19.03.2016 (अपराह्न) | 5,611 |
| 3. | सहायक निदेशक ( रा.भा.) | 20.03.2016 (पूर्वाह्न) | 1,163 |
| 4. | उप वास्तुविद् (केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, शहरी विकास मंत्राल), सहायक वास्तुविद् ( स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय) एवं सहायक वास्तुविद् (केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, शहरी विकास मंत्रालय) | 20.03.2016 (अपराह्न) | 5,276 |
| 5. | सहायक भूविज्ञानी (खान मंत्रालय) | 22.05.2016 (पूर्वाह्न) | 4,890 |
| 6. | प्रशासनिक अधिकारी (ग्रेड-II), एस ए ओ (ग्रेड-II) तथा एस ए ओ (ग्रेड–I), रक्षा मंत्रालय | 22.05.2016 (अपराह्न) | 9,809 |
| 7. | सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा | 12.06.2016 | 33,796 |
| 8. | भंडार अधिकारी, डीआरडीओ, रक्षा मंत्रालय | 13.06.2016 (पूर्वाह्न) | 1,490 |
| 9. | सहायक रसायनज्ञ, भारतीय भूविज्ञानी सर्वेक्षण तथा रसायनिक परीक्षक, सी आर सी | 13.06.2016 (अपराह्न) | 3,979 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | एल, राजस्व विभाग | | |
| 10. | कनिष्ठ निर्माण प्रबंधक (सिविल), रक्षा मंत्रालय | 20.11.2016 (पूर्वाह्न) | 3,461 |
| 11. | अतिरिक्त सहायक निदेशक, गृह मंत्रालय: कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी ( इलेक्ट्रानिकी) तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (इलेक्ट्रानिकी), रक्षा मंत्रालय | 20.11.2016 (अपराह्न) | 8,764 |
| 12. | मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रक्षा मंत्रालय तथा चिकित्सा अधिकारी, संघ शास्ति क्षेत्र दादर तथा नगर हवेली | 18.12.2016 (पूर्वाह्न) | 2,859 |
| 13. | सहायक प्रभागीय दंत चिकित्सक, रेल मंत्रालय तथा दंत चिकित्सक,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय | 18.12.2016 (अपराह्न) | 13,364 |
| | कुल | | 96,959 |

(ii) परीक्षा की हाईब्रिड प्रणाली को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों की वर्ष वार अनुमानित संख्या निम्नानुसार है :-

| क्रम सं. | समयावधि | उम्मीवारों की अनुमानित संख्या |
|---|---|---|
| 1. | प्रथम वर्ष | 1,47,000 |
| 2. | द्वितीय वर्ष | 1,80,000 |
| 3. | तृतीय वर्ष | 2,25,000 |

*उपर्युक्त आंकडें पूर्णत: सूचनात्मक है तथा संघ लोक सेवा आयोग की तरफ से इसे इसकी प्रतिबद्धता के रूप में नहीं माना जाएगा ।

31. प्रत्येक भर्ती परीक्षण / परीक्षा और / या आशुलिपि परीक्षण में उम्मीदवारों / परीक्षा केन्द्रों की संख्या केवल सूचनात्मक है तथा निविदा आमंत्रण सूचना के पहले पैरा में यथा वर्णित आयोग के निर्णय तथा अपेक्षाओं की निरर्भता में अंतर हो सकता है ।

32. कर प्रति उम्मीदवार / प्रति प्रश्न पत्र जो प्रवेश पत्र जारी करेंगे के आधार सहित अलग से उद्धृत की जाएगी । अन्यथा उद्धृत दरों में करों को शामिल माना जाएगा और करों में बढोतरी के लिए अनुवर्ती अनुरोध पर इस कार्यालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जाएगा । वे बोलीदाता जो कर की दर को अलग से उद्धृत नहीं करते है उन्हें अनुक्रियात्मक माना जाएगा और उनकी बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा

33. आयकर : यथालागू निविदा बिलों से स्त्रोत पर वसूलनीय ।

34. किसी भी बोली को बोली के प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तारीख तथा बोली वैधता अवधि की समाप्ति जैसाकि बोलीदाता द्वारा निर्दिष्ट किया गया है या उसमें निर्धारित की गई है, के बीच के अंतराल में वापस नहीं ली जा सकती है । अंतराल के दौरान बोली को वापस लेने का परिणाम ऐसे बोलीदाताओं की जमा धरोहर राशि की जब्ती हो सकती है ।

35. यदि फर्म या फर्म के संबंधित प्रभाग को किसी अन्य फर्म द्वारा अपने अधिकार में ले लिया जाता है तो करार के अंतर्गत सभी दायित्वों तथा कार्यान्वित की जाने वाली जिम्मेदारियों को नए फर्म को दे दिया जाएगा ।

36. बोलीदाता कार्य क्षेत्र सहित नि.आ.सू. के सभी निबंधन एवं शर्तों के अनुसार पूर्ण रूप से कार्य को निष्पादित करेंगे । वरिष्ठ प्रबंधक ( सू.प्र.) या संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त कोई अन्य अधिकारी जो संघ लोक सेवा आयोग की ओर से नोडल अधिकारी होंगे, समन्वय तथा आवश्यक सहायता, यदि कोई हो, जो बोलीदाता द्वारा अपेक्षित हो से संबंधित कार्य करेंगे ।

37. वेंडर आयोग द्वारा निर्णित उम्मीदवारों की न्यूनतम संख्या के अनुसार सभी केन्द्रों पर सी बी आर टी / परीक्षा या आशुलिपि परीक्षा की व्यवस्था करेंगे ।

38. सी बी आर टी के आयोजन के लिए कार्य क्षेत्र अनुबंध -I में दी गई है तथा आशुलिपि परीक्षण के आयोजन संबंधी कार्य अनुबंध-II में दी गई है । बोली पूर्णत क्रमशः अनुबंध-I तथा अनुबंध-II में वर्णित कार्य क्षेत्र की पुष्टि करेगा । सभी बोलीदाता को अनुपालन विवरणी (अनुबंध-III) भरना अपेक्षित है इसके बिना कोटेशन को अस्वीकृत किया जा सकता है ।

39. **संविदा की वैधता:** संविदा बोली प्रदान किए जाने की तारीख से 3 वर्ष के लिए वैध रहेगी । वेंडर द्वारा उद्धृत की गई वर्ष वार दर संविदा अवधि के दौरान स्थिर रहेंगी ।

40. **जोखिम क्रय खंड:** यदि बोली की प्रस्तुति तथा उसको विधिवत रूप से स्वीकृत किए जाने के बाद अर्थात आर्डर देने के बाद निविदा दस्तावेज़ की निबंधन एवं शर्तों का पालन करने और / या दिए गए निर्धारित समय सीमा के अनुसार कार्य निष्पादित करने में फर्म असफल होती हैं या किसी भी समय संविदा को छोड़ देती है तो संघ लोक सेवा आयोग को जमा धरोहर राशि को जब्त करने, फर्म द्वारा जमा की गई निष्पादन प्रतिभूति की जब्ती तथा फर्म के जोखिम तथा परिणाम पर अन्य फर्म से कार्य करवाने का अधिकार होगा । फर्म के बोली मूल्य तथा वैकल्पिक व्यवस्था के कारण होने वाले लागत के अंतर की वसूली अन्य प्रासंगिक प्रभारों सहित फर्म से की जाएगी । यदि सं. लो. से. आ. को वैकल्पिक स्त्रोत से कार्य करवाने को विवश किया जाता है और उसकी लागत कम होती है तो इस मद पर मिलने वाला लाभ फर्म को नहीं दिया जाएगा ।

41. **बोली का मूल्यांकन**:

**क. तकनीकी बोली का मूल्यांकन निम्नलिखित मानदंडों पर आधारित होगा:**

(i) सरकारी विभागों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम / स्वायत्तशासी निकायों / लोक सेवा आयोगों आदि में अनुबंध – 1 क में यथा सूचीबद्ध 41 शहरों में फैले एक स्लाट में न्यूनतम 30,000 उम्मीदवारों के लिए कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण / परीक्षा तथा न्यूनतम 800 उम्मीदवारों के लिए कम्प्यूटर पर आशुलिपि परीक्षण के आयोजन में बोलीदाता का अनुभव ।

(ii) बोलीदाता द्वारा कार्य क्षेत्र (अनुबंध-I तथा II ) तथा नि.आ.सू. के अन्य निबंधन एवं शर्तों के सन्दर्भ में अनुपालन रिपोर्ट पर आधारित ।

(iii) शारीरिक विकलांग उम्मीदवारों के लिए सुविधाएं, पावर बैक अप, जनरेटर तथा यू. पी. एस., वातानुकूलन, बैकअप सर्वर के प्रकार आदि सहित आयोग की अपेक्षाओं के अनुसार परीक्षण / परीक्षा केन्द्रों पर आधारभूत संरचना की उपलब्धता ।

(iv) वर्ष 2015-16 सहित विगत पूर्ववर्ती 3 वर्षों के आयकर विवरणी एवं तुलन पत्र के आधार पर ।

(v) नि.आ.सू. के पैरा-1(क), 6-12, 15 तथा 42 में वर्णित दस्तावेज़ों में शर्तों पर आधारित ।

**ख. वित्तीय बोली का मूल्यांकन निम्नलिखित मानदंडों पर आधारित होगा:**

(i) केवल उन्हीं बोलीदाताओं की "वित्तीय" बोली खोली जाएगी जिनकी तकनीकी बोली कार्य क्षेत्र, बोलीदाता की तकनीकी क्षमताओं, नि.आ.सू. के पैरा-1(क), 6-12, 15 तथा 42 में यथा निर्धारित दस्तावेज़ों के प्रस्तुतीकरण तथा कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण / परीक्षा/ आशुलिपि परीक्षण के सुचारू संचालन के लिए वेंडर द्वारा मुहैया कराई जाने वाली निरीक्षण सुविधाओं के आधार पर तकनीकी बोली के विस्तृत परीक्षण के बाद संघ लोक सेवा आयोग के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित की जाएगी । वित्तीय बोली को खोलने की तारीख एवं समय की सूचना संबंधित पार्टियों को यथा समय दे दी जाएगी ।

(ii) दरें प्रति उम्मीदवार प्रति प्रश्न पत्र आधार पर जिन्हें प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा, उद्धृत की जाए ।

(iii) एल-1 बोलीदाता का निर्णय एन पी वी (कुल वर्तमान मुल्य) तथा 10% वार्षिक बट्टे की दर सहित मूल्यांकन के समय यथा लागू कर के आधार पर किया जाएगा । तथापि, वेंडर संघ लोक सेवा आयोग की अपेक्षाओं के अनुसार सभी परीक्षणों / परीक्षाओं का आयोजन करेंगे तथा एल-1 वेंडर को भुगतान वेंडर द्वारा वर्ष-वार उद्धृत दर तथा यथा लागू कर के आधार पर किया जाएगा । भुगतान उस विशेष भर्ती परीक्षण / परीक्षा के लिए जारी प्रवेश पत्र की संख्या के आधार पर किया जाएगा । एल-1 फर्म का निर्णय की गणना का विवरण अनुबंध- V (मूल्य अनुसूची) में दिया गया है ।

42. इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि कार्य गापनीय एवं संवेदनशील प्रकृति है, बोलीदाता को तकनीकी बोली के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्र संलग्न करने होंगे:-

(i) बोलीदाता, सं. लो. से. आ. की पूर्व अनुमति के बिना किसी अन्य एजेंसी / प्राधिकारी किसी भी व्यक्ति को कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण / परीक्षा / आशुलिपि परीक्षण से संबंधित किसी भी प्रकार के विवरण चाहे जो भी हो, को प्रकट नहीं करेगा ।फर्म को यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त निवारक उपाय करने होंगे कि कोई भी यह न जान पाए कि कि कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण / परीक्षा / आशुलिपि परीक्षण उनके द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित की जा रही है ।

(ii) बोलीदाता प्रचालनात्मक पहलू पर कोई उप संविदा नहीं देगा और भर्ती परीक्षण / परीक्षा/ आशुलिपि परीक्षण के सुरक्षित एवं सुचारू रूप से संचालन के लिए पूर्णरूप से जिम्मेदार होगा । तथापि, यदि अपेक्षित हो तो बोलीदाता परीक्षा से कम से कम चार सप्ताह पूर्व संघ लोक सेवा आयोग को विधिवत रूप से सूचित करते हुए कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं अन्य सहायक उपकरणों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना की व्यवस्था के लिए अन्य संस्थाओं के साथ गठजोड़ कर सकता है ।

(iii) एजेंसी को सुनिश्चित करना होगा कि परीक्षा / भर्ती परीक्षण / आशुलिपि परीक्षण के आयोजन के लिए किराए पर लिए गए स्थल दो दिनों के लिए अर्थात व्यवस्था वाले दिन तथा परीक्षा के संचालन वाले दिन के लिए होने चाहिए और किसी तीसरे पक्ष के लिए कोई परीक्षण / परीक्षा (ऑन लाइन / ऑफ लाइन) या कोई कार्यकलाप दोनों दिनो के लिए किसी भी स्थल पर निश्चित नहीं की जानी चाहिए ।

43. **निर्धारित क्षतियां / शास्ति खंड:**

(i) यदि फर्म निविदा के निबंधन एवं शर्तों के अनुसार दायित्वों को पूरा करने में विफल रहती है तो संघ लोक सेवा आयोग निष्पादन प्रतिभूति की जब्ती के अलावा भर्ती परीक्षण / परीक्षा संबंधी कुल भुगतान का 100% तक शास्ति अधिरोपित कर सकते है ।

(ii) चयनित एजेंसी को बिन्दु संख्या 3 में यथावर्णित विस्तृत कार्य क्षेत्र जिसे वेंडर को समय सीमा सहित प्रत्येक भर्ती परीक्षण ( आर.टी.) के महत्वपूर्ण चरणों को कार्यान्वित करना अपेक्षित होगा । यदि वेंडर प्रत्येक भर्ती परीक्षण / परीक्षा के लिए यथा निर्दिष्ट समय सीमा का अनुपालन करने में सक्षम नहीं होते है तो की गई देरी की अवधि के लिए प्रतिदिन आधार पर उस भर्ती परीक्षण( आर टी ) / परीक्षा, प्रश्न पत्र के लिए कुल भुगतान का 1% की दर से शास्ति अधिरोपित की जाएगी । उस विशेष भर्ती परीक्षण/ परीक्षा के लिए अधिकतम शास्ति कुल भुगतान का 20% तक सीमित होगा । तदनुसार, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा अगले चरण के लिए समय में कटौती कर ली जाएगी । यदि एजेंसी की वजह से होने वाले विलम्ब के कारण भर्ती परीक्षण के आयोजन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तो खंड 43(i) लागू होगा ।

44. **भुगतान शर्तें:**

(i) भुगतान वेंडर द्वारा उद्धृत किए गए वर्ष-वार तथा यथा लागू कर के आधार पर तथा उस विशेष भर्ती परीक्षण / परीक्षा के लिए जारी प्रवेश पत्र की संख्या पर किया जाएगा ।

(ii) फर्म द्वारा भर्ती परीक्षण / परीक्षा / आशुलिपि परीक्षा के सफल आयोजन तथा संघ लोक सेवा आयोग के सूचना प्रणाली स्कंध के पूर्ण संतुष्टि तक डेटा प्रदान किए जाने तक 75% भुगतान किया जाएगा ।

(iii) फर्म द्वारा डेटा के विश्लेषण, विसंगतियों में सुधार, यदि कोई हो, किए जाने तथा संघ लोक सेवा आयोग द्वारा साक्षात्कार आयोजित किए जाने के पश्चात अंतिम परिणाम घोषित किए जाने के बाद 25% भुगतान किया जाएगा ।

45. **अनिवार्य बाध्यता:**

फर्म अपने विवेकपूर्ण नियंत्रण की सीमा के परे अपने कार्य निपटान में आने वाली बाधाओं जिसमें प्राकृतिक आपदाओं सहित युद्ध, दंगे, अवरोध, तालाबंदी, किसी सरकारी प्राधिकरण की कार्रवाई, लाइसेंस प्राप्त करने में हुई देरी या संविधियों के तहत आवेदन पत्रों की अस्वीकृति, विद्युत आपूर्ति, बाधा, दुर्घटना या विघटन, आग या बाढ़ भी शामिल है, या ऐसे कारणों से पैदा होने वाले किसी प्रभाव जिनमें फर्म का दुराशय प्रकट न होता हो, के प्रति उत्तरदायी नहीं होगी । एजेंसी जिनके लिए अनिवार्य बाध्यता की शर्तो के लिए इस संविदा मूल्य के अंतर्गत दायित्वों को पूरा करना संभव नहीं तो उन्हें तत्काल उर्पयुक्त परिस्थितियों की शुरूआत तथा अंत के संबंध में लिखित रूप में आयोग को अधिसूचित करना होगा लेकिन किसी भी स्थिति में उस अवधि के शुरू होने से 10 (दस) दिन से अधिक नहीं होना चाहिए ।

46. **मध्यस्थता:**

संघ लोक सेवा आयोग तथा फर्म के बीच पैदा होने वाले किसी विवाद या मतभेद जो किसी परिणाम, अर्थ तथा प्रक्रिया या इस संविदा पर पड़ने वाले प्रभाव या संविदा भंग होने की स्थिति में विवाद का निपटान मध्यस्थता तथा समाधान अधिनियम, 1996 के उपबंधों के अनुसार संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त मध्यस्थ द्वारा किया जाएगा और उसका निर्णय संघ लोक सेवा आयोग तथा फर्म दोनो पर बाध्यकारी होगा । मध्यस्थता का स्थल दिल्ली होगा ।

47. **क्षेत्राधिकार:**

मध्यस्थता के अध्यधीन उपर्युक्त के अलावा इस करार के कारण कोई वाद या कार्रवाई जो दोनों पक्षों में से किसी के भी अधिकार का हनन करती हो, दिल्ली में ही दायर की जाएगी और उस पर केवल दिल्ली के न्यायालय में ही न्यायिक जांच होगी और अन्य किसी न्यायालय में नहीं होगी और अब दोनो पक्ष ऐसे न्यायालय के क्षेत्राधिकार को स्वीकार करने के प्रति स्वेच्छा से सहमत होंगे ।

48. **समाप्ति खंड:**

संघ लोक सेवा आयोग संविदा की अवधि के दौरान किसी भी समय करार / संविदा को बिना कोई कारण बताएं एजेंसी को एक माह का नोटिस देकर संविदा को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है । संघ लोक सेवा आयोग के सचिव का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा ।

49. **विस्तार खंड:**

यदि आयोग द्वारा यह निर्णय लिया गया हो कि एजेंसी तथा आयोग की आपसी सहमति पर संविदा की अवधि को तीसरे वर्ष में उन्ही दरों तथा निबंधन एवं शर्तों पर संविदा को एक वर्ष के लिए बढ़ा सकता है ।

50. **फॉल क्लॉज:**

निम्नलिखितएक फॉल क्लॉज शर्त सफल बोलीदाता के मामले में संविदा का एक हिस्सा होगी:-

(क) विक्रेता द्वारा संविदा के अंतर्गत दी जाने वाली सेवा के लिए वसूली गई कीमत उस अवधि के दौरान जब तक कार्य पूरा नहीं हो जाता है या संविदा की दर के चलते सारा कार्य आदेश पूरा नहीं हो जाता है उस न्यूनतम मूल्य से अधिक नहीं होनी चाहिए जिस पर वह विक्रेता बिल्कुल उसी स्तर की सेवा अर्थात [अर्थात इस दस्तावेज़ के अनुबंध- I एवं II में यथावर्णित मूल क्षेत्र / कार्य के विवरण के अनुपालन हेतु सेवाएं] किसी अन्य व्यक्ति / संगठन जिसमें क्रेता या केन्द्र सरकार या राज्य सरकार का कोई विभाग या केन्द्र या राज्य सरकार के अंतर्गत कोई सांविधिक उपक्रम, जो भी स्थिति हो, को उपलब्ध कराने का प्रस्ताव करता है ।

(ख) यदि उक्त अवधि के दौरान किसी भी समय विक्रेता अपना विक्रय मूल्य कम करता है कम मूल्य पर अपनी उक्त सेवा किसी व्यक्ति / संगठन या केन्द्र / राज्य सरकार के विभाग या केन्द्र सरकार के अंतर्गत किसी सांविधिक उपक्रम को संविदा में उद्धृत दरों से कम मूल्य पर सेवाएं प्रदान करता है या प्रदान करने का प्रस्ताव करता है तो वह विक्रय में या विक्रय के प्रस्ताव में इस प्रकार की कटौती के बारे में, संघ लोक सेवा आयोग को सूचित करेगा और संविदा के अंतर्गत भुगतान की जाने वाली कीमत में तदनुसार कटौती की जाएगी । उपर्युक्त शर्तें निम्न पर लागू नहीं होगी:-

(i) विक्रता द्वारा किए गए निर्यात पर

(ii) विक्रय / मौजूदा अथवा पूर्व दर संविदा के तहत केन्द्र अथवा राज्य सरकार के विभागों और उनके उपक्रमों सहित जिनमें संयुक्त क्षेत्र की कंपनियां और / अथवा निजी पार्टियों और निकाय शामिल नहीं है, के साथ की गई पूर्व की किन्ही संविदाओं के अधीन संबद्ध प्राधिकारी द्वारा जारी करने की तारीख के दिन अथवा इसके पश्चात सेवा मुहैया करना अथवा संविदा संबंधी आदेश प्रदान करना ।

(ग) विक्रेता को संविदा दर के अनुसार की गई सेवा के प्रत्येक बिल के भुगतान के लिए उसके साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्र भुगतान अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा । "हम प्रमाणित करते है कि इस संविदा के अंतर्गत सरकार को प्रदान की जा रही ऐसी सेवाएं और उसी प्रकार की समरूप सेवाओं के लिए बिक्री मूल्य में कोई कटौती नहीं की गई है [अर्थात इस दस्तावेज के अनुबंध-I एवं II में यथा वर्णित मूल क्षेत्र / कार्य के विवरण के अनुपालन हेतु सेवाएं] मेरे/ हमारे द्वारा किसी व्यक्ति / संगठन क्रेता सहित या केन्द्र / राज्य सरकार के किसी विभाग या केन्द्र / राज्य सरकार के अंतर्गत किसी सांविधिक उपक्रम जो भी स्थिति हो, बिल की तारीख तक / इस संविदा दर के तहत दिए गए सभी आपूर्ति आदेशों को पूरा करने तक, सरकार से वसूली गई दर से कम कीमत पर इस प्रकार की सेवा उपलब्ध कराई नहीं गई है ।"

51. संघ लोक सेवा आयोग बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है । सचिव, संघ लोक सेवा आयोग का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा ।

52. निविदा सूचना सं. लो. से. आ. की वेबसाइटः **www.upsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है ।

(आर.के. दीक्षित)
अवर सचिव (सामा.II)

**<u>अनुबंध-I</u>**

## कार्य का विस्तृत क्षेत्र

संघ लोक सेवा आयोग नीचे सूचीबद्ध किए गए कुछेक या सभी 72 शहरों में आयोग द्वारा यथा निर्णित मामला दर मामला आधार पर कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण (सी बी आर टी) / परीक्षाओं के आयोजन पर विचार कर रहा है । उपर्युक्त परीक्षण के आवेदक कम्प्यूटर शिक्षित होगें। ऐसे शहरों में परीक्षण का आयोजन इंटरनेट/ एल ए एन पर्यावरण के अंतर्गत होंगे।

| क्रम सं. | केन्द्र कोड | केन्द्र का नाम | क्रम सं. | केन्द्र कोड | केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 45 | अगरतला | 21. | 09 | दिसपुर (गुवहाटी) |
| 2. | 79 | आगरा | 22. | 64 | फरीदाबाद |
| 3. | 01 | अहमदाबाद | 23. | 42 | गंगटोक |
| 4. | 47 | आईजोल | 24. | 58 | गौतमबुद्ध नगर |
| 5. | 71 | अजमेर | 25. | 80 | गया |
| 6. | 21 | अलीगढ़ | 26. | 59 | गाजियाबाद |
| 7. | 02 | इलाहाबाद | 27. | 60 | गोरखपुर |
| 8. | 76 | अनन्तपुरम | 28. | 63 | गुडगांव |
| 9. | 38 | औरांगाबाद | 29. | 69 | ग्वालियर |
| 10. | 03 | बंगलौर | 30. | 10 | हैदराबाद |
| 11. | 54 | बरेली | 31. | 44 | इम्फाल |
| 12. | 04 | भोपाल | 32. | 78 | इन्दौर |
| 13. | 77 | बिलासपुर | 33. | 48 | ईटानगर |
| 14. | 35 | चन्डीगढ़ | 34. | 68 | जबलपुर |
| 15. | 12 | चेन्नई | 35. | 11 | जयपुर |
| 16. | 56 | कोयम्बटूर | 36. | 34 | जम्मू |
| 17. | 07 | कटक | 37. | 22 | जोधपुर |
| 18. | 14 | देहरादून | 38. | 46 | जोरहाट |
| 19. | 08 | दिल्ली | 39. | 24 | कोची (कोचीन) |
| 20. | 39 | धारवाड़ | 40. | 43 | कोहिमा |
| 41. | 06 | कोलकाता | 57. | 41 | रांची |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 42. | 57 | कोझिकोड | 58. | 53 | सम्बलपुर |
| 43. | 26 | लखनऊ | 59. | 16 | शिलांग |
| 44. | 70 | लुधियाना | 60. | 17 | शिमला |
| 45. | 40 | मदुरई | 61. | 81 | सिलिगुड़ी |
| 46. | 05 | मुम्बई | 62. | 18 | श्रीनगर |
| 47. | 73 | मैसूर | 63. | 67 | थाणे |
| 48. | 13 | नागपुर | 64. | 19 | तिरूवन्नतपुरम |
| 49. | 65 | नवी मुम्बई | 65. | 75 | तिरूचिरापल्ली |
| 50. | 36 | पणजी (गोवा) | 66. | 50 | तिरूपति |
| 51. | 15 | पटना | 67. | 52 | उदयपुर |
| 52. | 20 | पांडिचेरी | 68. | 61 | वाराणसी |
| 53. | 37 | पोर्टब्लेयर | 69. | 74 | वेल्लोर |
| 54. | 66 | पुणे | 70. | 62 | विजयवाड़ा |
| 55. | 49 | रायपुर | 71. | 51 | विशाखापटनम |
| 56. | 72 | राजकोट | 72. | 82 | वारंगल |

**नोट:-** उपर्युक्त परीक्षण केन्द्रों की संख्या सूचनात्मक हैं । तथापि, आयोग के उम्मीदवारों की संख्या पर आधारित परीक्षण केन्द्रों की संख्या में अन्तर हो सकता है ।

कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण / परीक्षा संबंधी कार्यवाही को निम्नलिखित मॉडयूल में बांटा जाएगा:-

1. **परीक्षा-पूर्व कार्यकलाप:** आयोग द्वारा निम्नलिखित कार्यकलाप कार्यान्वित किए जाएंगे और प्रवेश पत्र / ई-प्रवेश पत्र तथा प्रवेशित उम्मीदवारों के केन्द्र-वार / स्थल-वार विवरणी की केवल नमूना प्रति और फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर की सॉफ्ट प्रति को परीक्षण के आयोजन के लिए वांछित प्रारूप में एजेंसी को उपलब्ध कराया जाएगा:

(क) आवेदन पत्रों को प्राप्त करना ।

(ख) केंद्र-वार विवरणी तैयार करना।

(ग) आवेदन पत्रों की संवीक्षा ।

(घ) उन केन्द्रों (शहरों/स्थल) के संबंध में निर्णय लेना जहां सी बी आर टी / परीक्षा आयोजित किए जाएंगे ।

(ङ) अनुक्रमांक आबंटित करना ।

(च) ई-प्रवेश पत्रों की अपलोडिंग ।

सभी परीक्षा-पूर्व कार्यकलाप आयोग द्वारा कार्यान्वित किए जाएंगे । उपर्युक्त 'घ' के संबंध में उन केंद्रों के लिए परीक्षण / परीक्षा स्थलों का निर्णय लेना जहां परीक्षा आयोजित की जानी है, जिसे केंद्र-वार विवरणी के आधार पर आयोग द्वारा वर्णित एसओपी (मानक प्रचालन प्रक्रियाओं) में विनिर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर एजेंसी द्वारा किया जाना है।

2. **परीक्षा का आयोजन:** चुनी गई एजेंसी द्वारा निम्नलिखित कार्यकलाप किए जाएंगे और वह कम्प्यूटरों का प्रयोग करते हुए भर्ती परीक्षण के सुचारू एवं निर्बाध आयोजन के लिए उत्तरदायी होगी ।

- उपर्युक्त पैरा-1 में वर्णित केंद्रों के अंतर्गत निर्णय लिए गए विशिष्ट परीक्षण / परीक्षा स्थलों जो उम्मीदवारों के ब्रेकअप पर निर्भर करेगा। तथापि परीक्षण स्थल/ उपकेंद्र का चयन करने का अंतिम निर्णय आयोग का होगा।
- एजेंसी को उम्मीदवार की अधिकतम क्षमता वाले स्थान मुहैया कराना अपेक्षित होगा जिसके लिए वे पैरा-I में वर्णित केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन कर सके।
- हाईवेयर एवं सॉफ्टवेयर सहित पूर्ण आधारभूत संरचना उपलब्ध कराना ।
- प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर इंटरनेट आधारित समाधान द्वारा परीक्षा प्रक्रिया का प्रबंध करना ।
- परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के लिए शामिल होने वाले उम्मीदवारों को अपेक्षित अनुदेश/ सूचना प्रदान करने के लिए अपेक्षित डिस्प्ले कार्ड की व्यवस्था / मुहैया करना ।
- डिस्प्ले में विशेष लैब / लोकेशन में कितने उम्मीदवार बैठे हैं, शामिल होने चाहिए।
- परीक्षण / परीक्षा स्थलों के अंदर सुस्पष्ट डेटा सुरक्षा, डेटा अंतरण एवं वास्तवकि सुरक्षा सुनिश्चित करना । अद्यतन डेटा या डेटा बेस सर्वर पर स्पेस का अधिकार साईट पर्यवेक्षक के पास उपलब्ध नहीं होने चाहिए ।
- प्रत्येक स्थल पर स्वचालित एवं त्रुटिरहित (फेलसेफ) पूर्ण बैक अप सहित पूर्ण यू पी एस सुविधा सुनिश्चित करना ।
- प्रत्येक सर्वर रूम में वातानुकूलन सुविधा तथा वरीयत: वातानुकूलन सभी लैब में समुचित कुलिंग सुविधा मुहैया कराना है ।

- इन्टरनेट सुविधा जैसे लीज लाइन / ब्राडबैंड / डेटाकार्ड जो कम से कम दो विभिन्न सेवा प्रदाता से होने चाहिए, मुहैया कराना ।

  त्रुटि रहित (फेलसेफ) और सिक्योर्ड लेन अधिष्ठापित करना जो प्रत्येक स्थल में आस-पास के क्षेत्र के अन्य कम्प्यूटरों से वियुक्त हो और लेन उपस्कर तथा संसाधनों के पर्याप्त बैक अप के साथ हो ।
- प्रत्येक स्थल पर सभी साफ्टवेयर सहित कलस्टर मोड / हॉट स्वपेवल मोड में बैक अप सर्वर मुहैया करना और इसे आवश्यकता की स्थिति में प्रयोग के लिए तैयार रखना।
- भर्ती परीक्षण से एक दिन पहले आयोग के प्रतिनिधि की उपस्थिति में पूर्ण एवं व्यापक मॉक ड्रिल की जानी सुनिश्चित करना तथा इस आशय का परीक्षण के सफल आयोजन का प्रमाण पत्र प्रदान करना कि लेन संयोजकता सहित पूर्ण हाईवेयर एवं सॉफ्टवेयर बिना किसी तकनीकी व्यवधान एवं बग्स के संतोषजनक ढंग से काम कर रहा है और ए सी, पावर बैकअप आदि सहति सभी बैकअप सुविधाएं सुव्यवस्थित हैं ।
- परीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्युत्तर के लिए अपेक्षित साफ्टवेयर को छोड़कर उपलब्ध की-बोर्ड एवं अन्य हार्डवेयर जैसे पोर्ट, सी डी / डी वी डी आदि को निष्क्रिय कर दिए गए हैं।
- यह सुनिश्चित करना है कि बैक अप सहित सभी टर्मिनल एवं सर्वर जीवाणुमुक्त होंगे और परीक्षण के शुरू होने के पहले इस आशय का एक प्रमाण-पत्र देना होगा।
- आयोग द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार भर्ती परीक्षण के प्रारंभ से पर्याप्त समय पहले भर्ती परीक्षण के लिए उपस्थित होने वाले प्रत्येक उम्मीदवार का एकदम सही पंजीकरण सुनिश्चित करना । पंजीकरण के समय वेबकैम पर लिए गए उम्मीदवार के फोटोग्राफ़ का उस फोटोग्राफ़ से मिलान करना चाहिए जो उम्मीदवार साथ लेकर आया है तथा उसकी बायोमीट्रिक सूचना ली जानी चाहिए, जिसे आयोग द्वारा भविष्य में इस्तेमाल के लिए स्टोर कर लेना चाहिए । सत्यापन के बाद, प्रत्येक पंजीकृत उम्मीदवार को यूजर आई डी जारी करना होगा।
- जिस टर्मिनल नं. पर उम्मीदवार को भर्ती परीक्षण / परीक्षा देना होगा, वह पंजीकरण के समय याद‌च्छिक आधार पर आबंटित किया जाएगा ।
- सुरक्षित पर्यावरण के अंतर्गत आयोग से प्राप्त प्रश्न पत्रों को सुरक्षित रूप से अधिष्ठापित एवं लागू करना ।

- वास्तविक भर्ती परीक्षण से 15 मिनट पहले मॉक ड्रिल द्वारा उम्मीदवारों को प्रणाली से परिचित कराया जाना सुनिश्चित करना जिसके दौरान उम्मीदवार को पर्याप्त तकनीकी सहायता, जहां कहीं आवश्यक हो, दी जाए और सुधारात्मक कदम, यदि अपेक्षित हो, उठाया जाना सुनिश्चित किया जाए ।
- पर्याप्त पासवर्ड सुरक्षा के अंतर्गत इंक्रिप्टेड मोड के माध्यम से संवेदनशील आंकड़ों का स्टोरिंग एवं अंतरण सुनिश्चित करना । इन आंकड़ों का रख-रखाव आयोग द्वारा विशेष रूप से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ही की जाए ।
- आयोग द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार समय सारणी के अनुसार पूर्ण रूप से संवेदनशील आंकड़े के अंतरण को कार्यान्वित करना ।
- आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक स्थान में सी बी आर टी / परीक्षा के आयोजन के लिए पर्यवेक्षण, निरीक्षण और तकनीकी प्रचालन के लिए संबंधित एजेंसी जिम्मेदार होगी । तथापि, आयोग प्रत्येक स्थान में अपने प्रतिनिधि यह देखने एवं मानीटर करने के लिए नियुक्त कर सकता है कि भर्ती परीक्षण का आयोजन सुचारू एवं निष्पक्षता से हो ।
- आयोग की निम्नलिखित अपेक्षानुसार निरीक्षक, तकनीकी स्टाफ, पर्यवेक्षक तथा अन्य स्टाफ मुहैया कराना :

| क्रम सं. | तकनीकी / गैर- तकनीकी स्टाफ | अपेक्षित स्टाफ |
|---|---|---|
| 1. | निरीक्षक | लैब / कमरे में न्यूनतम दो सहित |
| 2. | साईट पर्यवेक्षक | एक |
| 3. | सहायक पर्यवेक्षक | प्रति स्थल दो |

- आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र में समुचित समय पर भर्ती परीक्षण / परीक्षा से संबंधित सभी कार्मिकों को यह प्रमाणित करना होगा कि कोई भी उनका नजदीकी रिश्तेदार उपर्युक्त परीक्षण में शामिल नहीं हो रहा है।
- निरूपण की जांच के लिए एजेंसी को परीक्षा अवधि के दौरान टर्मिनल की स्क्रीन पर फोटो सहित उम्मीदवार के वैयक्तिक विवरण जैसे अनुक्रमांक एवं नाम मुहैया कराना होगा ।

